तापमान
अधिकतम 36 .9 डिग्री
न्यूनतम 27 .3 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

12 आर्यनगर में सीएम फ्लाइंग की रेड, खाद दुकान पर...

11 हकृवि वैज्ञानिकों ने पहली बार की स्ट्रॉबेरी की...


# सीईटी परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण

## हिसार के विभिन्न बस अड्डों से अन्य जिलों में जाने वाले अभ्यार्थियों के लिए चलाई जाएंगी बसें

### सिरसा व अन्य जिलों से हिसार परीक्षा देने आने वाले अभ्यार्थियों के लिए नई पुलिस लाइन से विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक चलाई जाएगी शटल बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। डीपीएस स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हांसी डीएसपी विनोद शंकर, बस स्टैंड पर बनाए गए हेल्प डेस्क पर जानकारी लेते युवा।

जिला प्रशासन द्वारा सीईटी परीक्षा 2025 की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परीक्षा के लिए के प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट पहुंच चुकी है, जिन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ट्रेजरी में रखवा दिया गया है। इतना ही नहीं ट्रेजरी के बाहर पुलिस की गार्द को भी तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए जा चुके हैं और हिसार में दूसरे जिलों से परीक्षा देने के लिए अभ्यार्थियों आना शुरू हो चुके हैं। परीक्षा 26 व 27 जुलाई को दो-दो शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से 11.45 बजे और दूसरी शिफ्ट 3.15 बजे से 5 बजे होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस व प्रशासन की तरफ से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा अभ्यार्थियों व उनके साथ आने वाले परिजन किस तरह के ट्रेफिक जाम में न फंसे, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष प्लानिंग बनाई है।

### दूसरे जिलों में जाने वालों के लिए 4 बजे रवाना होंगी बसें

हिसार, हांसी, बरवाला, अग्रोहा, आदमपुर, उकलाना, बालसमंद, खांडा खेड़ी, नारनौंद जैसे प्रमुख बस अड्डों से परीक्षार्थियों के लिए बसें रवाना होंगी। बाहर के जिलों में जाने वाले अभ्यार्थियों के लिए सुबह लगभग 4 बजे से बस सेवाएं आरंभ कर दी जाएंगी। दोनों दिनों में आयोजित चार शिफ्टों के लिए हिसार से अन्य जिलों में जाने वाले कुल 1 लाख 15 हजार 723 परीक्षार्थियों के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है। हर दिन लगभग 755 बसों को भेजा जाएगा।

### भिवानी प्रशासन की हिसार के अभ्यार्थियों से अपील

जिला हिसार से 26 और 27 जुलाई को रोडवेज की बसों के माध्यम से भिवानी में सीईटी की परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों से भिवानी जिला प्रशासन ने विशेष अपील करते हुए कहा है कि जिला भिवानी में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में से 15 परीक्षा केंद्रों के कैंपस भिवानी से हांसी रूट पर पड़ते हैं। ऐसे में जिला हिसार से आने वाले परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्र पर ही उतर जाएं, जिससे उनको भिवानी बस स्टैंड से वापिस परीक्षा केंद्र नहीं आना पड़ेगा। इससे उनके समय की बचत होगी। हिसार की तरफ से ज ब भिवानी आते हैं तो जिला भिवानी में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय प्रेमनगर, जी लिट्रा वैली स्कूल, केसीएम आर्मी सी.सै. स्कूल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, सर्वपल्ली राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल, राजकीय महाविद्यालय, राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बंसीलाल पॉलिटेक्निक कॉलेज सेक्टर 13, भिवानी पब्लिक स्कूल, केएम पब्लिक स्कूल और केएम एजूकेशन कॉलेज, आदर्श महिला महाविद्यालय, बाल भवन पब्लिक स्कूल , पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल, हलवासिया विद्या विहार परीक्षा केंद्र इसी रूट पर पड़ते हैं।

### प्रत्येक शिफ्ट में 16 हजार 688 अभ्यार्थी

इसी प्रकार दूसरे जिलों से हिसार आने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रत्येक शिफ्ट में 275 बसों के जरिए करीब 16 हजार 688, जबकि भिवानी से 2 बसों में 102 परीक्षार्थी नई पुलिस लाइन से लाए जाएंगे। इस तरह दोनों दिन कुल 277 बसों के माध्यम से लगभग 67 हजार 58 परीक्षार्थियों के हिसार पहुंचने की संभावना है। परीक्षा को लेकर 45 स्थानों पर 67 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनके लिए 150 शटल बसों की सेवा 16 रूटों पर संचालित की जाएगी। शटल सेवा सुबह 6 बजे से शुरू होकर अंतिम परीक्षार्थी की वापसी तक लगातार जारी रहेगी।

### परीक्षा केंद्र में इन चीजों पर प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र में निषेध वस्तुएं न लेकर जाएं जैसे मोबाइल फोन, घड़ियां (सभी प्रकार), बेल्ट, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर, व्हाइटनर/स्याही द्रव, आभूषण जैसे अंगूठी, चेन, हार, झुमके, नाक की पिन, चूड़ियां/कंगन, आकर्षण, कड़ा, आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, अपना स्वयं का पेन न लाएं।

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

- भारी वाहनों को बाइपास मार्ग का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।
- ट्रैफिक पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी वाहन सड़क पर न खड़ा हो।
- नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को क्रेन द्वारा हटाया जाएगा।
- ऑटो चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऑटो में निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### पुलिस के अतिरिक्त प्रबंध

- परीक्षा आरंभ होने के बाद केंद्र में ड्यूटी स्टाफ (इनविजिलेटर, क्लर्क, हेल्पर, चपरासी आदि) केंद्र से बाहर नहीं जा सकेगा।
- कोचिंग सेंटर, स्टेशनरी व फोटोकॉपी की दुकानें परीक्षा केंद्रों के पास बंद रहेंगी।
- ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा।
- बस स्टैंड पर भी विशेष निगरानी के लिए बस स्टैंड चौकी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए।

### परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व निगरानी

हर परीक्षा केंद्र पर कम से कम 8 पुलिस कर्मचारी, जिनमें महिला स्टाफ भी शामिल है की तैनाती रहेगी। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था, सघन चेकिंग, सीसीटीवी निगरानी, जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन, वीडियोग्राफी, तथा फिस्किंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षक व सहायक पर्यवेक्षक पेट्रोलिंग में रहेंगे। इसके अलावा मुख्य चौराहों खासकर बरवाला चुंगी, सिविल अस्पताल मोड़, बस स्टैंड, तलाकी गेट, नागोरी गेट, परिजात चौक, रानी लक्ष्मीबाई चौक, फव्वारा चौक, कैंप चौक एवं डाबड़ा चौक पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

### एसपी की आमजन से अपील

सीईटी परीक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है कि वे अपने वाहन सड़क पर पार्क न करें। परीक्षा केंद्र से कम से कम 500 मीटर दूर बनी पार्किंग में ही वाहन खड़ा करें। यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस प्रशासन को निर्बाध परीक्षा संचालन में सहयोग दें।

### दूसरे जिलों में परीक्षार्थियों के लिए कुल बस 755

| दिंनांक | शिफ्ट | बस |
|---|---|---|
| 26 जुलाई | पहली शिफ्ट | 482 |
| 26 जुलाई | दूसरी शिफ्ट | 273 |
| 27 जुलाई | पहली शिफ्ट | 479 |
| 27 जुलाई | दूसरी शिफ्ट | 269 |

### दूसरे जिलों में जाने वाले कुल परीक्षार्थी 115723

| दिंनांक | शिफ्ट | परीक्षार्थी |
|---|---|---|
| 26 जुलाई | पहली शिफ्ट | 28913 |
| 26 जुलाई | दूसरी शिफ्ट | 29148 |
| 27 जुलाई | पहली शिफ्ट | 28724 |
| 27 जुलाई | दूसरी शिफ्ट | 28936 |

| | |
|---|---|
| परीक्षा केंद्रों की कुल लोकेशन | 45 |
| जिले में कुल परीक्षा केंद्र | 67 |
| कुल परीक्षार्थी | 66752 |

## सेंटर तक पहुंचने में दिक्कत आई तो हिन्दू एकता वाहिनी करेगी मदद



हिसार। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं हिन्दू एकता वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष महता ने 26 व 27 जुलाई को होने वाले हरियाणा में ग्रुप-सी के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के लिए हिसार जिले में दूसरे क्षेत्रों से परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों का आह्वान किया है कि यदि उन्हें परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में कोई दिक्कत हो तो वे इस 8168803800 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी तरह से सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाया जाएगा। पीयूष महता ने कहा कि सीईटी परीक्षा वाले दिन हिन्दू एकता वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्य पूरी तरह सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने, खान-पान या रहने की दिक्कत आएगी तो हिन्दू एकता वाहिनी के सदस्य उनकी तुरंत मदद के लिए तैयार रहेंगे।




## अब 12वीं के ऑटर्स, कॉमर्स, मेडिकल व नॉन मेडिकल सभी संकाय के विद्यार्थी कर सकते है वीएलडीए

हिसार में स्थित लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) जिसमें पढ़कर लाखों छात्र-छात्राएं अपना भविष्य बना चुके हैं। वीएलडीए भी एक ऐसा कोर्स है जिसमें दाखिला लेकर लाखों विद्यार्थी अपने कैरियर को सुनिश्चित कर सकते है।

इस क्षेत्र में अनेकों विद्यार्थियों ने सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में लाखों रूपए के पैकेज में नौकरियां व अपना व्यवसाय शुरू किया है। ऑवर्स एकेडमी में **वीएलडीए** कोर्स एक विशेष रूप से तैयार किया गया कार्यक्रम है, जो पशुपालन और पशु चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है। ऑवर्स एकेडमी अपने अनुभवी शिक्षकों की सुविधाओं के माध्यम से छात्रों को पूरी तरह से सक्षम बनाता है, ताकि वो कम समय में प्रवेश परीक्षा की पूर्ण तैयारी करके अच्छे अंको से विश्वविद्यालय में दाखिला पाकर अपने सपनों को साकार कर सके।




## लुवास हिसार से वीएलडीए कर बना सकते हैं अपना बेहतरीन कैरियर

जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष 12वीं (किसी भी संकाय) की परीक्षा दी है, वो विद्यार्थी हिसार की लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वीएलडीडी (लुवास) में दाखिला लेकर अपने कैरियर को नई उड़ान दे सकते है। VLDD कोर्स पशु चिकित्सा के क्षेत्र में एक मजबूत करियर की नींव रखता है और स्वरोजगार के साथ-साथ सरकारी एवं निजी नौकरियों के अवसर भी प्रदान करता है। हजारों विद्यार्थियों ने वीएलडीडी करके सरकारी नौकरी एवं निजी व्यापार करके अपना कैरियर बना चुके हैं।

**2023 में हरियाणा सरकार में वीएलडीए पद पर 747 विद्यार्थियों को मिली सरकारी नौकरी**


**वीएलडीडी करने के बाद इन क्षेत्रों में मिलेगी नौकरी**

जैसे पशुधन विकास सहायक, पशु चिकित्सा सहायक, पशुपालन पर्यवेक्षक, कृषि और पशुपालन विभाग में फील्ड असिस्टेंट, ग्राम सेवा केंद्रों में नियुक्ति (टीकाकरण, इलाज, जागरूकता कार्यक्रम) व अन्य निजी क्षेत्र प्राइवेट पशु क्लीनिक और हॉस्पिटल में सहायक, डेयरी कंपनियों (Amul, Mother Dairy, आदि) में तकनीकी सहायक, पोल्ट्री फार्म्स, कैटल फीड कंपनियों और फार्मास्युटिकल कंपनियों में फील्ड अफसर व अपना खुद का कारोबार भी कर सकते हैं जैसे अपना डेयरी या पोल्ट्री फार्म शुरू करना, मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा केंद्र चलाना, पशुओं के लिए टीकाकरण और उपचार सेवा देना । वर्तमान में पूरे भारत में इन कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड है।











एक शेर की दहाड़ इतनी तेज होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।

# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।
**आयु सीमा**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
**भाषा योग्यता**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।
**प्रशिक्षण प्राप्त करें**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।
**योग्यता की जांच**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।
**आवश्यक कागजात की तैयारी**: आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका**: आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।
**आंगनवाड़ी सहायका**: आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।
**मिशन आंगनवाड़ी सेविका**: कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।
**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण**: कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास**: आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।
**स्वस्थ रहना**: आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।
**पोषण की सुरक्षा**: आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।
**माता की देखभाल**: आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी** : आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा** : आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।
**पोषण सेवाएं** : आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।
**मातृ देखभाल सेवाए** : आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।
**आरोग्य सेवा** : आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

## पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

### योग्यता

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

### सैलरी

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

## रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

### योग्यता

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

### सैलरी

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

## फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

### रेलवे ग्रुप डी की नौकरी

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



## गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

### योग्यता

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

### सैलरी

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

## एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात है: इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।

**शॉर्टकट की चाहत: एक खतरनाक जाल** : सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।

**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग** : छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।

**स्किल्स सीखें**: सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।

**नेटवर्किंग करें**: लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें**: अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।

**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें**: सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें**: सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उतरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्दोवा

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लड़की के सोशल मीडिया आईडी पर अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी सैनियान मौहल्ला निवासी मोहित को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए एडिशनल एसएचओ थाना साइबर क्राइम हांसी राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी मोहित ने कुछ दिन पहले एक लड़की की सोशल मीडिया आईडी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी।

### शांति व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र कल

**हिसार।** साधकों को जीवन का मर्म समझाने और सही मार्ग दिखाने में जुटे ओशो ध्यान उपवन में 27 जुलाई को शांति व प्रेम पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधक बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे।

### पुलिस ने सुरक्षा दृष्टि को लेकर किया पैदल मार्च

**नारनौंद।** थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। दुकानदारों को जागरूक किया की वह अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके वहीं पुलिस भी लगातार गश्त कर रही है।

### शिवरात्रि पर्व पर भाविप ने किया पौधरोपण

**हांसी।** भारत विकास परिषद शाखा हांसी द्वारा शिवरात्री के उपलक्ष पर बरवाला रोड स्थित पिपली स्वर्ग आश्रम में ट्री गार्ड के साथ 10 फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस अवसर शाखा अध्यक्ष दयानंद महता ने बताया कि परिषद इस वर्ष भी 500 ट्री गार्ड निःशुल्क वितरित करेगी। शाखा सचिव श्रीचंद आहुजा ने बताया कि शाखा प्रत्येक शुक्रवार सांय 5 बजे शहीद भगत सिंह स्कूल हांसी में ट्री गार्ड वितरण किया जाता है।

### 100वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव 27 को

**हिसार।** गुरुदेव स्वामी सत्यानंद महाराज एवं भगत हंसराज महाराज (बड़े पिताजी) के आशीर्वाद से पिताजी कृष्ण महाराज एवं मां रेखा महाराज की असीम कृपा से 27 जुलाई को अर्बन एस्टेट-।। स्थित श्रीराम शरणम् मंदिर में 100वां गुरु पूर्णिमा शताब्दी वर्ष महोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के सेवादार एल.डी. पोपली ने बताया कि इस दिन सायं 5:30 बजे से 7:00 बजे तक अमृतवाणी सत्संग व व्यास पूजा का आयोजन किया जाएगा।

### अग्रवाल महिला समिति का तीज उत्सव आज

**हिसार।** अग्रवाल महिला विकास समिति के 26 जुलाई के तीज सिंधारा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मिड टाउन ग्रैंड में मनाया जाने वाला यह उत्सव गुजराती संस्कृति से ओतप्रोत रहेगा। खास बात है कि तीज सिंधारा उत्सव को रोचक बनाने के लिए गुजराती संस्कृति की तर्ज पर कौन बनेगी हमारी बा और बेन एवं म्हारो डिकरो और डिकरी का चुनाव किया जाएगा।

### दुकानदार डस्टबिन में डाले कचरा : चेतल

**हिसार।** सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल भगत सिंह चौक पहुंची। इस दौरान उन्होंने देखा की कुछ व्यापारी दुकान की सफाई करके कचरा बाहर सड़क पर डाल रहे है। जिसको लेकर उन्होंने व्यापारियों को कहा कि दुकानदार अपनी दुकान में डस्टबिन लगाए और कचरा उसमें डाले। उस कचरे को नगर निगम द्वारा संचालित वाहनों में ही डाले। इस दौरान बाहर कचरा डालने वालों के 500-500 रुपये के 3 चालान किए गए। अतिरिक्त आयुक्त ने व्यापारियों को कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर के एल्सेवियर प्रकाशन ने दी बीमारी को मान्यता

# हकृवि वैज्ञानिकों ने पहली बार की स्ट्रॉबेरी की क्राउन रॉट बीमारी की पहचान

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वे जल्द ही इस दिशा में भी कामयाब होंगे: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने स्ट्रॉबेरी फल के लिए घातक क्राउन रॉट रोग के एक नए रोग कारक कोलेटोट्रीकम निम्फेई की पहचान की है। देश में पहली बार स्ट्रॉबेरी के क्राउन रॉट रोग के लिए नए रोग कारक का पता चला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के निर्देशानुसार वैज्ञानिकों ने इस रोग के प्रबंधन के लिए कार्य शुरू कर दिया हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वे जल्द ही इस दिशा में भी कामयाब होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन ने दी बीमारी को मान्यता

एल्सेवियर एक डच शैक्षणिक प्रकाशन संस्था है जिसकी नास रेटिंग 8.8 है जो वैज्ञानिक, तकनीक और चिकित्सा सामग्री में विशेषज्ञता रखती है। इसमें प्रकाशित फिजियोलॉजिकल एंड मोलिकुलर प्लांट पैथोलोजी में वैज्ञानिकों ने इस बीमारी की रिपोर्ट को प्रथम शोध रिपोर्ट के रूप में प्रकाशन के लिए स्वीकार कर मान्यता दी है, जो विशेषतः पौधों की बीमारियों के लिए पौधों में नई बीमारी को मान्यता देने वाली, अध्ययन के लिए सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों में से एक है। यह शैक्षणिक संस्था विशेषतः पौधों की बीमारियों पर विश्वस्तरीय प्रकाशन प्रकाशित करती है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक देश में इस बीमारी की खोज करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिकों ने स्ट्रॉबेरी के क्राउन रॉट रोग पर शोध रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने मान्यता प्रदान करते हुए अपने जर्नल में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया है।


हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

### निगरानी व रोग नियंत्रण पर जल्द काम शुरू करें

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने वैज्ञानिकों को इस खोज के लिए बधाई दी। प्रो. कम्बोज ने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में विभिन्न फसलों में उभरते खतरों की समय पर पहचान महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने वैज्ञानिकों से बीमारी के प्रकोप पर कड़ी निगरानी व रोग नियंत्रण पर जल्द से जल्द काम शुरू करने को कहा।

### इन वैज्ञानिकों का रहा अहम योगदान

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि स्ट्रॉबेरी के लिए हिसार उत्तरी भारत का बहुत बड़ा क्लस्टर बन चुका हैं, जहां करीब 700 एकड़ में स्ट्रॉबेरी फार्मिंग होती है। इस रोग कारक के द्वारा स्ट्रॉबेरी में पिछले वर्ष लगभग 20-22 प्रतिशत तक की हानि हुई थी। हिसार के गांव स्याहड़वा की स्ट्रॉबेरी का स्वाद विदेशों में चखा जा रहा है। आसपास के तीन गांव चनाना, हरिता व मिरान के किसान भी स्याहड़वा से प्रेरित होकर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। हिसार जिले में स्ट्रॉबेरी क्लस्टर की शुरुआत 1996 में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की थी। इस फल की सफल खेती अक्सर विभिन्न जैविक कारकों से बाधित होती है, जिनमें से क्राउन रॉट बड़ी चिंता का विषय है। क्राउन रॉट रोग के मुख्य शोधकर्ता डॉ. आदेश कुमार ने बताया कि शोधकर्ता इस बीमारी के प्रकोप को समझने और इसके प्रभाव को कम करने के लिए लक्षित उपाय विकसित करने में जुटे हुए हैं, जिससे स्ट्रॉबेरी उत्पादन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों अनिल कुमार सैनी, सुशील शर्मा, राकेश गहलोत, अनिल कुमार, राकेश कुमार, केसी राजेश कुमार, विकास कुमार शर्मा, रोमी रावल, आरपीएस दलाल व पीएचडी छात्र शुभम सैनी ने भी इस शोधकार्य में योगदान दिया।


हिसार। होटल को सील करती नगर निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

# प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों पर बड़ी कार्रवाई

- दो ने भरा मौके पर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स, एक होटल किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मामले में कार्रवाई की। शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए एक होटल को सील किया, वहीं 2 भवन स्वामी ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मौके पर जमा करवा दिया। सचिव संजय शर्मा ने बताया कि पिछले लम्बे समय कुछ भवन स्वामी ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा करवाया था। इसको लेकर लगातार नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण के दिशा-निर्देश पर की गई। इस दौरान जेई राजकुमार, तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा, नवीन मुवाल, नवीन जेवरा आदि मौजूद रहे। बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर नगर निगम द्वारा अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते टीम 3 भवन के स्वामी से प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी करने पहुंची। सचिव ने बताया कि 3 में से दो ने मौके पर ही प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया। एक होटल स्वामी ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया जो दिल्ली बाइपास पर है। इस पर लगभग 8 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। उस पर कार्रवाई करते हुए होटल को सील किया गया। इसके साथ सचिव ने बताया कि बकाया प्रॉपर्टी टैक्स भरने वालों में डाबडा चौक पुल के नीचे होटल जिसने 15 लाख का प्रॉपर्टी टैक्स भरा। दूसरा इंडस्ट्रीज एरिया का व्यवसायिक भवन जिसने एक लाख 50 हजार का प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया। सचिव ने बताया कि इन भवन स्वामियों को पहले नोटिस भेजकर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने बारे सूचित किया गया था। लेकिन नोटिस भेजने के बाद भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया।

# मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक

- प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम बना देश की जनचेतना का अभियान : अशोक सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आगामी प्रसारण को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा की मन की बात कार्यक्रम से देश का आम जन मानस जागरूक हो रहा है तथा मन की बात कार्यक्रम से देश की जनता में एक चेतना का भाव पैदा हो रहा है। इस अवसर पर आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक नरेंद्र भारतीय व लोकसभा संयोजक अजित सिवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे, व मन की बात कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार तथा अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत योजना बनाई गई। जिला संयोजक प्रवीण बंसल ने मन की बात कार्यक्रम को सरल पोर्टल पर अपलोड करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया,बिजेन्द्र लोहान, जिला प्रवक्ता रामफल बूरा, जिला युवा मोर्चा सुखविन्द्र जाखड़, अशोक कनौजिया, मनजीत सिंह जांगड़ा, पवन शर्मा, अनिल जोगी, डॉक्टर श्री शर्मा, विजय सैनी, श्याम खांडा आदि उपस्थित रहे।


हांसी। नरेंद्र भारतीय, अजीत सिवानी व अशोक सैनी के साथ मीटिंग में भाग लेते पार्टी कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### 10 किलो डोडा पोस्त मंगवाने वाला काबू

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने 10 किलो डोडा पोस्त मंगवाने वाले पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी कैथल जिले के गांव बाणा निवासी सुखविन्द्र को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई जितेन्द्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले सिसाय बोलान निवासी रोहतास को 10 किलो डोडा पोस्त सप्लाई करने के लिए मंगवाया था। आरोपी के खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित हुआ था। आईजी हिसार द्वारा आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# डीपीएस में तीज उत्सव की धूम

- उत्सव की शुरुआत स्वागत गीत और पारंपरिक तिलक से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में पारंपरिक संस्कृति, रंगों और रचनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत 'तीज उत्सव' का आयोजन किया गया। उत्सव की शुरुआत स्वागत गीत और पारंपरिक तिलक से हुई, जिससे पूरा परिसर एक पारंपरिक उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। रंग-बिरंगे सजावटी झंडे, बंदनवार, हस्तनिर्मित कलाकृतियां और झूले वातावरण को जीवंत बना रहे थे।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में नीले आकाश में रंग-बिरंगी पतंगों ने जैसे उत्सव का संदेश लहराया। मेहंदी लगाओ गतिविधि में छात्राओं ने अपनी हथेलियों पर सांस्कृतिक सुंदरता को साकार किया। वहीं झूला झूलो कार्यक्रम ने बच्चों को ग्रामीण मेले की अनुभूति दी और उनके चेहरों पर बाल सुलभ मुस्कान खिला दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों की सृजनात्मक भागीदारी की सराहना की। विद्यालय के निदेशक निहाल सिंह ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।


हिसार। तीज उत्सव में हिस्सा लेते बच्चे। फोटो: हरिभूमि



### 17 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या भेजा

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने अब तक 59 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा के अपने संकल्प के तहत अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजने का कार्य किया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नौवीं बार 17 और बुजुर्गों को अयोध्या के लिये भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में सुरेंद्र अग्रवाल, रेनू, गजानंद गर्ग, नीलम, सुरेंद्र कुमार, अनिता, देवेंद्र कुमार, राजबाला, नरेंद्र कुमार गोयल, अभिमन्यु बंसल, सिमरन, ऋषि राज, शशि गुप्ता, गुंजन, कृष्णा, किरण, शकुंतला शामिल है। इससे पहले आठ सप्ताह में 59 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहनों द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला के पुत्र चंचल सिंगल खारियावाला ने सभी यात्रियों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

# शहीदों की शहादत को किया नमन

- गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों और एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी के कुशल मार्गदर्शन में कॉलेज सभागार में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील गुहानी रहे। मंच संचालक प्रोफेसर मुकेश कुमार ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बुनियादी जानकारी को साझा करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए बच्चों को कहा कि उन्हें ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम उन वीर शहीदों के ऋणी है जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहें है। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल ने विद्यार्थियों संबोधन करते हुए कहा कि नाम, नमक, और निशान को सदैव याद रखते हुए अपने कर्त्तव्य पथ की ओर अग्रसर होना चाहिए। मंच पर देशभक्ति भाव विभोर में नृत्य, भाषण और कविता जैसे कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप एक पौधा भेंट किया।


हिसार। मुख्य अतिथि को पौधा भेंट करते प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी। फोटो: हरिभूमि

# प्रतियोगिता में वंदना ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

- सरस्वती हाई स्कूल में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना



सरस्वती हाई स्कूल में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरियाणवी, राजस्थानी व पंजाबी आदि लोकनृत्य प्रस्तुत किए, साथ ही अंग्रेज़ी, हिंदी, पंजाबी और संस्कृत भाषाओं में भाषण देकर तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कक्षा 5 से 10 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में वंदना (कक्षा 10वीं), ऋतिका (कक्षा 9वीं), भूमि (कक्षा 8वीं), सुनैना (कक्षा 7वीं), अक्षिता (कक्षा 6वीं) तथा फलक और दीपांशु (कक्षा 5वीं) ने श्रेष्ठ मेहंदी रचाकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका पूनम धीमान ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में दिखाए गए उत्साह व रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### छूट के साथ जमा करें प्रॉपर्टी टैक्स

**हिसार।** 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वालों को सरकार 10 प्रतिशत छूट दे रही है। छूट के साथ प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने को लेकर नगर निगम के ई दिशा केंद्र में शनिवार को भी कैश काउंटर खुला रहेगा। नगर निगम एएमसी वीरेंद्र सहारण ने बताया कि छूट के साथ प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने को लेकर केवल 6 दिन शेष है। इस छूट का अधिक से अधिक लोग फायदा उठा सकें इसलिए छुट्टी के दिन भी काउंटर खुला रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को चेक स्वीकार नहीं होंगे। बाकी ऑनलाइन, कैश और डीडी के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया जा सकता है। यहां यह बता दें कि 10 प्रतिशत छूट सरकार द्वारा हर वर्ष 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक दी जाती है।

## भारतीय सैनिक हमारे देश के सच्चे नायकः कर्नल पांडे

# इंडस आरपीएस स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वर्ष 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि थर्ड हरियाणा गर्ल्स बीएम एनसीसी के कमॉडिंग ऑफिसर डॉ. कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे रहें। अलंकरण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और छात्रों द्वारा अति मनमोहक गणेश वंदना, स्वागत गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। परिषद के नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर इंडस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुभाष श्योराण, इंडस ग्लोबल अकादमी के डायरेक्टर प्रवीण परुथी विशेष रूप से उपस्थित रहें।


हिसार। अलकंरण समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे, सुभाष श्योराण, प्रवीण परुथी व प्रधानाचार्या नीलम राठी। फोटो: हरिभूमि

### प्रधानाचार्या राठी ने दिलाई विद्यार्थियों को शपथ

विद्यालय के प्रधानाचार्या नीलम राठी ने विद्यार्थियों को शपथ दिलवाते हुए बताया कि इन्वेस्टर सेरेमनी एक महत्वपूर्ण अवसर है। जहां नव निर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। जिम्मेदारी का पदनाम और प्रतिनिधियों को अधिकार देना महत्वपूर्ण है।

### छात्रा ध्वनि को चुना हेड गर्ल

कार्यक्रम के दौरान सीनियर कैबिनेट मेंबर में कक्षा दसवीं की छात्रा ध्वनि को हेड गर्ल व अथर्व को हेड बॉय, जूनियर कैबिनेट मेंबर में हेड गर्ल इशिता व हेड बॉय भार्गव को स्पोर्ट्स कैप्टन भुवनेश व हर्पिता को चुना गया। इसके अलावा चारों सदनों के कैप्टन, वाइस कैप्टन, कल्चरल कैप्टन, स्पोर्टस कैप्टन तथा डिसिप्लिन कैप्टन भी बनाए गए हैं। सभी छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस अवसर पर तनीशा, सोनिका, मोनिका, संगीता रेणू, उषा, अलका आदि शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### चरणदास चुने गए गुजवि गैर शिक्षक संघ के प्रधान

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ चुनाव में चरणदास को प्रधान चुना गया है। उन्होंने 32 वोटों से इन्द्राज सिंह को पराजित किया। इसी तरह नेकीराम को उप प्रधान, राममेहर को महासचिव, मनीष कुमार को सचिव, माया देवी सह सचिव व ईश्वर सिंह कैशियर चुने गए। चुनाव अधिकारी राजेश ठाकुर अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हुए चुनाव में प्रधान पद के लिए चरणदास को 254 व इन्द्राज को 222 वोट मिले। इसी तरह उप प्रधान पद के लिए नेकीराम को 241 व भारत भूषण को 233, महासचिव पद के लिए राममेहर को 254 व अनिल धनसोइया को 222 वोट मिले। सचिव पद के लिए मनीष कुमार को 240 वोट मिले।

## खबर संक्षेप

### तेलियान पुल व पड़ाव चौक से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने तेलियान पुल वाल्मीकि चौक से भगत चौक होते हुए पड़ाव तक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान टीम ने वाल्मीकि मंदिर के बाहर रखे जनरेटरों को हटवाया गया। इसके साथ ही टीम ने दुकानों के बाहर रखे सामान को भी जब्त किया गया।

### 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा पटेल नगर आनंद निकेतन और अर्बन एस्टेट-2 आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### आर्यनगर में खाद के स्टॉक में गड़बड़ी और टैगिंग की मिली थी शिकायत

# सीएम फ्लाइंग की रेड, खाद की दुकान में पकड़ी अनियमितताएं

### खाद की ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना टीम के साथ आर्य नगर हिसार में छापेमारी के दौरान जांच करती हुईं। *फोटो : हरिभूमि*

सीएम फ्लाइंग टीम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर के आर्यनगर स्थित एक खाद विक्रेता की दुकान और गोदाम पर रेड की। यह कार्रवाई खाद के स्टॉक और जबरन टैगिंग कर अन्य उत्पाद बेचने की शिकायत मिलने पर की गई। छापेमारी के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिसके चलते दुकानदार को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है। वही स्टॉक में रखे खाद का किसानों में वितरण करवाया गया।टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ कृषि विभाग की गुण नियंत्रक निरीक्षक डॉ. प्रियंका, एसएमएस डॉ. महिपाल और एएसआई सुरेंद्र भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को शिकायत मिली थी कि एक खाद विक्रेता किसानों को डीएपी खाद के साथ जबरन सल्फर की टैगिंग करके बेच रहा है। जिस पर टीम ने फसल सुरक्षा केंद्र, आर्य नगर हिसार नामक दुकान पर छापेमारी की। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि सरकार जब पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवा रही है, तो कुछ दुकानदारों द्वारा टैगिंग और ब्लैक मार्केटिंग करना गलत है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को समय पर और उचित दाम पर खाद मिल सके।

#### खाद के स्टॉक मिले खाली

दुकानदार बलजीत की उपस्थिति में पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक की जांच की गई। रिकॉर्ड के अनुसार 340 बैग डीएपी खाद और यूरिया स्टॉक खाली पाया गया। गोदाम की जांच के दौरान रिकॉर्ड के अनुरूप 340 बैग डीएपी खाद तो मिले, लेकिन 70 बैग यूरिया बिना रिकॉर्ड के पाए गए।

#### किसानों में बांटा गया खाद

सीएम फ्लाइंग टीम ने रिकॉर्ड के अनुसार गोदाम में रखे खाद को किसानों में वितरित करवाया। वितरण के दौरान किसान संतुष्ट नजर आए और उन्होंने विभाग की कार्रवाई की सराहना की।

#### दुकानदार को नोटिस, कार्रवाई की चेतावनी

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि गोदाम में यूरिया के 70 बैग बिना रिकॉर्ड के पाए गए और दुकान के बाहर खाद का डिस्प्ले बोर्ड भी नहीं था। इन सभी अनियमितताओं को लेकर कृषि विभाग ने दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के जवाब के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी दुकानदार किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद जबरन न थोपे।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर में तीज महोत्सव की रही धूम



**हांसी।** तीज महोत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

- महोत्सव में विविध सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर, में सावन माह की महिमा को उजागर करते हुए तथा पारंपरिक तीज पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विविध सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय ने बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की। कक्षा नर्सरी से के.जी. तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए मेहंदी लगाना, झूला झूलना, नृत्य प्रस्तुति, पेंटिंग जैसी गतिविधियां कराई गईं। साथ ही तीज पर्व से संबंधित विशेष व्यंजनों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों के लिए "गुरुओं पर आधारित श्लोक वाचन प्रतियोगिता" का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने आत्मीयता के साथ संस्कृत श्लोकों का उच्चारण किया।

कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत काव्य पाठ प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चौथी व पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच तीज क्वीन और तीज किंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।



**हांसी।** तीज महोत्सव के दौरान एक दूसरी के हाथों पर मेहंदी लगाती छात्राएं।

### श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में मनाई तीज

**हांसी।** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण में झूलों को सजाया गया। जहां छात्राओं ने हरियाली तीज के पारंपरिक लोक गीतों के साथ झूला झूलने का आनंद लिया। कार्यक्रम में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थी हरे रंग के वस्त्र व विशेष लंच बॉक्स के साथ विद्यालय पहुंचे। तीसरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कार्ड बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता व छाता सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, उपसचिव लक्ष्मीकांत गोयल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल ने विद्यालय परिवार को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मनाया तीज महोत्सव

- विद्यार्थियों ने झूलों व भाषणों से रचाई सांस्कृतिक बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** तीज महोत्सव के दौरान झूला झूलते नन्हे मुन्ने बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शुक्रवार को हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और पर्यावरणीय चेतना के साथ भावपूर्ण रूप में मनाया गया। यह पर्व न केवल प्रकृति और संस्कृति का संगम साबित हुआ, बल्कि विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रदर्शन का भी एक प्रेरक मंच बना। इस अवसर पर विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक झूलों का आनंद लेते हुए हरियाली गीतों पर थिरककर तीज के उल्लास को जीवंत कर दिया। वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से हरियाली तीज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को प्रभावशाली शब्दों में व्यक्त किया।

अंग्रेज़ी भाषण प्रतियोगिता में अनिका, काजल व तमन्ना क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान और हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कुसुम, राशि व तन्वी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## एयर एनसीसी के कैडेट मनराज सिंह तूर बने सीनियर अंडर ऑफिसर



**हिसार।** रैंक प्रदान करते कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन।

**हिसार।** नंबर वन हरियाणा एयर एनसीसी के तत्वाधान में संस्था से संबंधित विभिन्न कॉलेजों के 24 चयनित कैडेट्स को कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस श्रीनिवासन (वायु सेना मेडल) के नेतृत्व में आयोजित समारोह में चयनित कैडेट्स के उत्कृष्ट कार्य के लिए रैंक पदोनत किया गया। नंबर वन हरियाणा एयर एनसीसी के एडजुटेंट जेडब्लूओ दीपक बिष्ट ने बताया की संस्था के कैडेट मनराज सिंह तौर (जाट कॉलेज) को कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर और कैडेट्स प्रीत इंसा (राजकीय पीजी कॉलेज) एवं कैडेट क्रिश शर्मा (दयानन्द कॉलेज) को कैडेट अंडर ऑफिसर के रैंक पर पदोन्नत किया गया। कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर मनराज सिंह तूर को इस वर्ष आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए एनसीसी ग्रुप कमांडर, रोहतक ग्रुप से भी सम्मानित किया गया। संस्था के अन्य कैडेट्स को भी कैडेट अंडर ऑफिसर, कैडेट्स वारंट ऑफिसर, कैडेट्स सार्जेंट, कैडेट कॉरपोरल रैंक से पदोन्नत किया गया।

## आरपीएस हांसी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हांसी।** बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य।

**हांसी।** आरपीएस कनीना के प्रांगण में नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए इंटर आरपीएस स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हांसी आरपीएस स्कूल से दसवीं कक्षा के छात्र अमोद ने अपने संगीत शिक्षक विकास राव के मार्गदर्शन से प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं मुस्कान, जायना, पारस, सुनिधि, वंशिका, दिव्या, दीपिका, अनु और सारिका ने अपने प्रशिक्षिक सोनू दुहन व प्रदीप कुमार के नेतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डॉ. संदीप देसवाल व मुख्याध्यापिका पूजा राणा ने बच्चों की शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी।








कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस केवल एक युद्ध में मिली जीत का जश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ बलिदान को याद करने का दिन है। यह हमें सिखाता है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं। हमें अपने सैनिकों पर गर्व है, जो हर पल हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं ताकि हम चैन की नींद सो सकें। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।



आप सभी को कारगिल दिवस पर शहीदों को शत-शत नमन एवं हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं

बचाएं अपना कीमती एक वर्ष... और पास करें एक साथ दो डिग्रियां

4 वर्षीय एकीकृत बीए बीएड पाठ्यक्रम एक व्यवसायिक पाठ्यक्रम है। इसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान, भाषा (हिंदी और इंग्लिस) और गणित पढ़ाने में सक्षम शिक्षकों को तैयार करना है। यह एक अभिनव शिक्षक-शिक्षा पाठ्यक्रम है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में चार वर्ष के दौरान मानविकी, भाषा, विज्ञान, गणित आदि जैसे विशेष विषयों का अध्ययन भी करना होगा, जो विद्यार्थियों को शिक्षण के अलावा अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। दो डिग्री होने के कारण विद्यार्थी रिसर्च कार्य, परास्नात्तक जैसी उपाधि भी प्राप्त कर सकता है। इस अभिनव पाठ्यक्रम से विद्यार्थी केवल एक एकेडमिक सैशन ही नहीं बचाता है बल्कि संबंधित कोर्स में स्नातक के बाद अलग से बीएड की डिग्री करने की परेशानी से भी बच सकता है। इस प्रकार से विद्यार्थी चार वर्षीय बीए बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने बहुमूल्य एक वर्ष व धन की बचत कर सकता है। उक्त कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से अच्छे अंकों के साथ 12वीं उतीर्ण होना चाहिए। इस कोर्स के लिए उन कॉलेज का चयन करें जिन्हें नेशनल कॉउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

हिसार में गुरु जम्भेश्वर **विश्वविद्यालय से संबंधित स्वपोषित कॉलेज सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बालसमंद रोड,** आर्यनगर, हिसार में वर्ष 2020 से यह पाठ्यक्रम! बीए बीएड संचालित हो रहा है।



12वीं के बाद बीए बीएड एक व्यवसायिक पाठ्यक्रम हैं, जिसमें युवा अपना शानदार करियर बना सकते हैं

B.A.-B.Ed. | B.Ed. 2 Years

गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार का प्रथम कॉलेज

जिसमें भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त B A & B.Ed. 2020 से शुरू हो चुका है

CITY COLLEGE OF EDUCATION

(Permanently approved by NRC, NCTE Delhi and affiliated to GJU S&T, Hisar/ BS.E.H., Bhiwani/ SCERT Gurugram/CRSU/KUK)

Requirement: Asstt. Prof. In Yoga Send document: ccehisar2008@gmail.com

BALSAMAND ROAD, VPO ARYA NAGAR, HISAR M. 9518275416, 8607022122